दैनिक जागरण जनपद बरेली दिनॉक 19.09.2024

हाइब्रिड मोड से जोन के अधिकारियों के साथ रेलवे सुरक्षा को लेकर बैठक करते एडीजी रमित शर्मा (मध्य में) ● स्रोत-पुलिस

आरपीएफ, जीआरपी के साथ संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करे सिविल पुलिस : एडीजी

जासं, बरेली : जिले की पुलिस अपने क्षेत्र के जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे। अभिसूचना इकाईयों को सक्रिय किया जाए। अधिक से अधिक अभिसूचनाएं संकलित की जाएं। आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे के साथ सामंजस्य स्थापित कर सिविल पुलिस संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करें।

अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने बुधवार को जोन के सभी जिलों में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे व रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए बुधवार को हाइब्रिड मोड में बैठक की। स्थानीय पुलिस से रेलवे व रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए आरपीएफ और जीआरपी के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा। एडीजी ने सभी परिक्षेत्र प्रभारियों को अपने परिक्षेत्र स्तर पर रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों के साथ रेलवे की कार्यप्रणाली व अन्य बिंदुओं पर गहन जानकारी लेने के लिए समन्वय बैठक करने के निर्देश दिए।

अमर उजाला जनपद बरेली दिनॉक 19.09.2024

यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी एजेंसियां मिलकर करेंगी काम

बरेली। ट्रेनों और यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी एजेंसियां मिलकर काम करेंगी। बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक में एडीजी रमित शर्मा ने यह निर्देश दिए। बैठक में जोन के सभी एसएसपी और अभिसूचना इकाइयों के अधिकारियों समेत आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे के अधिकारी शामिल हुए।

एडीजी ने निर्देश दिए कि स्थानीय पुलिस लगातार जीआरपी और आरपीएफ के संपर्क में रहे। अभिसूचना इकाइयां सूचनाएं जुटाकर पुलिस, जीआरपी और आरपीएफ के साथ समन्वय से काम करेंगी।

ऑनलाइन बैठक में डीआरएम मुरादाबाद आरके सिंह, एडीआरएम इज्जतनगर राजीव अग्रवाल, एसपी जीआरपी आशुतोष शुक्ला, आरपीएफ कमांडेंट प्रशांत वर्मा, पवन कुमार श्रीवास्तव, शनमुगा एस समेत बरेली व मुरादाबाद रेंज के सभी एसएसपी शामिल हुए। संवाद

I-Next जनपद बरेली दिनॉक 19.09.2024

जीआरपी के साथ से पेट्रोलिंग करे सिविल पुलिस : एडीजी

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 Sept): जिले की पुलिस अपने क्षेत्र के जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे के साथ लगातार संपर्क बनाए रखे. अभिसूचना इकाईयों को सक्रिय किया जाए, अधिक से अधिक अभिसूचनाएं संकलित की जाएं. आरपीएफ, जीआरपी और रेलवे के साथ सामंजस्य स्थापित कर सिविल पुलिस संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करें.अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा ने बुधवार को जोन के सभी जिलों में अधिकारियों को यह निर्देश दिए. उन्होंने रेलवे व रेलवे यात्रियों की सुरक्षा के लिए बुधवार को हाइब्रिड मोड में बैठक की. एडीजी ने सभी परिक्षेत्र प्रभारियों को अपने परिक्षेत्र स्तर पर रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों के साथ रेलवे की कार्यप्रणाली व अन्य बिंदुओं पर गहन जानकारी लेने के लिए समन्वय बैठक करने के निर्देश दिए.